प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 10.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- रेल्वे ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में नौ हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र जारी कियें
- राज्यभर में चलाये जा रहे गिवअप अभियान में अब तक 23 लाख सक्षम लाभार्थियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम हटवायां
- प्रदेश में आज गुरू पूर्णिमा का पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है–राज्य सरकार की ओर से विभिन्न जिलों में गुरूओं का सम्मान किया जायेगां
- राज्य में विभिन्न स्थानों पर मॉनसून की अच्छी बारिश से जलाशयों में पानी की आवक बढीं

000000

रेल्वे ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में नौ हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र जारी किये हैं रेलवे ने कहा है कि जारी वित्त वर्ष के अंत तक 50 हजार से ज्यादा नौकरियों के प्रस्ताव दिये जाएंगें रेलवे भर्ती बोर्ड ने नवंबर 2024 से अब तक कुल 55 हजार 197 रिक्तियों की भर्ती को कवर करते हुए सात अलग–अलग अधिसूचनाओं में एक करोड़ 86 लाख से अधिक उम्मीदवारों के लिए कंप्यूटर–आधारित परीक्षाएं आयोजित की हैं बड़े पैमाने पर ली जा रहीं परीक्षाएं, एक व्यापक भर्ती कैलेंडर का हिस्सा हैं और 2024 से अब तक एक लाख आठ हजार रिक्तियों की घोषणा की जा चुकी हैं रेलवे अगले वित्त–वर्ष में अपने भर्ती प्रयासों का विस्तार करने की भी योजना बना रहा है, जिसमें 50,000 और नियुक्तियां होने की उम्मीद हैं

00000

शिक्षा मंत्रालय आज से केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का सम्मेलन आयोजित कर रहा हैं गुजरात के केवड़िया में आयोजित दो दिन के सम्मेलन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान हिस्सा लेंगें सम्मेलन में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पांच वर्षों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की जाएगीं इसके साथ ही केंद्रीय विश्वविद्यालयों के प्रमुख, संस्थाओं की उपलब्धियों और सामूहिक रूप से आगे बढने की दिशा पर मंथन करेंगें

000

प्रदेश भर में चलाये जा रहे गिवअप अभियान के तहत अब तक 23 लाख सक्षम लाभार्थियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ी हैं खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने जयपुर में प्रेस वार्ता में कहा कि विभिन्न जिलों का दौरा कर गिव अप अभियान की गहन समीक्षा की जा रही हैं मंत्री ने कहा कि आमजन से मिले सहयोग के कारण गिव अप अभियान प्रदेश में जन आंदोलन का रूप ले चुका हैं उन्होंने कहा कि विभाग का लक्ष्य है कि सभी सक्षम लाभार्थी अभियान की अवधि में स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा त्यागें जिससे असल हकदारों को योजना का लाभ मिल सकें श्री गोदारा ने बताया कि इस साल 26 जनवरी को खाद्य सुरक्षा पोर्टल के दोबारा शुरू होने के बाद से अब तक लगभग 51 लाख पात्र लाभार्थी खाद्य सुरक्षा से जोड़े जा चुके हैं मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में राशन देने के लिए जल्द ही आधार आधारित फेस ऑथेंटिकेशन लागू किया जाएगां इससे राशन वितरण की प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी हो सकेगीं

00000

जैसलमेर में आज से ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं इनमें आने वाले सभी मामलों को तीन दिन के भीतर आवश्यक रूप से राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज कराना सुनिश्चित किया जायेगां ब्योरा दे रहे है हमारे संवाददाता–

00000

प्रदेशभर में आज गुरू पूर्णिमा का पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव के साथ मनाय जा रहा हैं सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों, मठो, मंदिरों और आश्रमों में गुरूओं का वंदन किया जा रहा हैं राज्य सरकार की ओर से विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान धर्म गुरुओं का सम्मान किया जाएगां कार्यक्रम में मंत्री, विधायक, जिला कलक्टर या उनके द्वारा नामित अधिकारी उपस्थित रहकर गुरुजनों का सम्मान करेंगें इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह कार्यक्रम गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक हैं मुख्यमंत्री आज भरतपुर के दौरे पर रहेंगें इस दौरान वे लुधावई स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर गुरू पूर्णिमा महोत्सव में हिस्सा लेंगे और गुरूओं का सम्मान करेंगें इससे पहले श्री शर्मा ने आज डीग के पूछरी का लौठा में श्रीनाथ जी मंदिर में पूजा अर्चना कीं गुरू पूर्णिमा का पर्व आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाया जाता हैं इसका सीधा संबंध महर्षी वेद व्यास से हैं बोद्ध धर्म में भी ये दिन विशेष माना जाता हैं

....

इधर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में गुरूओं की पूजा अर्चना की जा रही हैं बाडमेर में चंचल प्रागमठ, तारामठ और लीलसर धाम सहित कई स्थानों पर गुरू पूजन और भजन कीर्तन किये जा रहे हैं सवाईमाधोपुर, बारां और करौली में विभिन्न आश्रम और मठों में गुरूओं का वंदन किया जा रहा हैं शाम को भंडारे और प्रसादी के आयोजन होंगें पाली में नागा बाबा बगीची से शोभायात्रा निकाली जा रही है जो शहर के मुख्य मार्गो से गुजरेगीं

0000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसून की बारिश हो रही हैं भीलवाडा के गुलाबपुरा आसिंद, गंगापुर, मांडलगढ और बिजोलिया क्षेत्र में मूसलाधार बारिश होने से तालाबों और बांधों में पानी की आवक बढ गई हैं वहीं जिले से गुजरने वाली त्रिवेणी नदी में लगातार जल प्रवाह हो रहा हैं नदी का पानी बीसलपुर बांध में पंहुच रहा हैं करौली में पाचना बांध के दो गेटों से पानी की निकासी शुरू कर दी गई हैं कल शाम दो गेट खोलकर 6 हजार क्यूसेक पानी गंभीरी नदी में छोडा गयां वहां प्रशासन ने बहाव क्षेत्र में आने वाले लोगो को अलर्ट किया हैं कोटपूतली–बहरोड़ में बारिश से लोगो को उमस से राहत मिली हैं तेज बारिश के चलते जयपुर–दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग और पावटा स्थित सर्विस लाइन जलमग्न हो गईं चूरू में कल रात अच्छी बारिश होने से शहर के अनेक स्थानों पर पानी भर गया, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पडां हनुमानगढ में मॉनसून की बारिश से कई इलाकों और घरों में बरसाती पानी भर जाने से जन जीवन प्रभावित हो रहा हैं अलवर में इस सीजन में पहली बार जयसमंद बांध में पानी की आवक हुई हैं मौसम विभाग ने आज पूर्वी राजस्थान में और कल से पश्चिमी राजस्थान में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की हैं नागौर, सीकर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुंझुनूं और हनुमानगढ जिलों के लिए आज येलो अलर्ट जारी किया गया हैं

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मन की बात मासिक कार्यक्रम 27 जुलाई को होगां ये इस रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगीं

0000